आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 26.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वीर बाल दिवस पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान कियें
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–वीर बाल दिवस ने साहिबजादों की प्रेरणा और बलिदान को युवा पीढ़ी तक पहुंचायां
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने हस्तशिल्प को सामाजिक परिवर्तन का बड़ा माध्यम बतायां
- फलौदी के खींचन गांव में कुरंजा महोत्सव का आगाज़ं

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किएं नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में इस वर्ष 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गयां ये पुरस्कार वीरता, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल और कला के क्षेत्रों में दिए जाते हैं इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि ये पुरस्कार इन सभी के साथ–साथ देश भर के बच्चों को प्रोत्साहित करेंगें

..........................

वीर बाल दिवस पर नई दिल्ली स्थित भारत मण्डपम् में राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया गयां कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सम्बोधित कियां उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में वीर बाल दिवस ने साहिबजादों की प्रेरणा और बलिदान को युवा पीढ़ी तक पहुंचाया हैं

.......................

प्रदेश में भी सभी जिलों में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर गुरू गोबिन्द सिंह जी के साहिबजादों को याद किया गयां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कीं राजधानी जयपुर में समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय में कार्यक्रम रखा गया और साहिबजादों के बलिदान को याद किया गयां

अजमेर के रूपनगढ़ किले में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी तथा जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत उपस्थित रहें पाली में प्रभात फेरी निकाली गईं पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने साहिबजादों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दीं

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि हस्तशिल्प सामाजिक परिवर्तन का बड़ा माध्यम हैं हस्तशिल्प उत्पाद बनाकर महिलाएं सामाजिक और आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनी हैं श्री शर्मा आज जोधपुर में पश्चिमी राजस्थान हस्तशिल्प उत्सव में लोगों को सम्बोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प ने प्रदेश की परम्परा और पहचान का संरक्षण किया हैं राज्य सरकार हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार काम कर रही हैं

.....................

लघु उद्योग भारती द्वारा कल से शुरू हुआ ये मेला 10 दिन चलेगां इसमें उद्योग, हस्तशिल्प और पंच गौरव उत्पाद के 800 से अधिक स्टॉल्स लगाये गये हैं साथ ही सैन्य हथियारों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी हैं ऑपरेशन सिन्दूर की थीम पर बनाये गये डोम में ब्रहमोस और एस–400 की प्रतिकृतियां आकर्षण का मुख्य केन्द्र बनी हुई हैं उधर चित्तौडगढ़ में चल रहे राष्ट्रीय स्वदेशी मेले में बड़ी संख्या में लोग स्वदेशी उत्पादों को खरीद रहे हैं आज यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मेले का अवलोकन कियां उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना कीं

000

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश में घर–घर सर्वे का दूसरा चरण शुरू हो गया हैं चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि यह अभियान 15 जनवरी

तक चलेगां इस दौरान क्षय रोग के नये मामलों की पहचान कर समय पर ईलाज उपलब्ध कराया जायेगां उन्होंने बताया कि अभियान में बुजुर्गो, प्रवासी श्रमिकों, आदिवासी समुदाय के लोगों, खनन तथा निर्माण स्थलों, जेलों और झुग्गी झोपडियों में रहने वाले लोगों की घर–घर जाकर स्क्रीनिंग की जायेगीं

000

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कई विकास कार्य किए जाएंगें डीडी न्यूज से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी बढ़ा दी गई हैं

.....................

श्री चौहान ने बताया कि आवेदन के 15 दिन के भीतर काम न मिलने पर अनिवार्य बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगां

000

फलौदी ज़िले के खींचन गांव में आज से कुरजां महोत्सव का आगाज हुआं दो दिन के इस महोत्सव में सांस्कृति और पर्यटन गतिविधियां आयोजित होंगीं साथ ही कई रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगीं उद्‌घाटन अवसर पर विधायक पब्बाराम विश्नोई और जिला कलेक्टर श्वेता चौहान मौजूद रहें उन्होंने लोगों के साथ पक्षी चुगाघर से कुरजां का अवलोकन किया और गांव की हवेलियों को भी देखां जिला कलेक्टर ने हवेलियों का भ्रमण करते हुए कहा कि इस महोत्सव से खींचन गांव के सांस्कृतिक वैभव को नई पहचान मिली हैं इसके साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिला हैं

000

वर्तमान राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में विकास रथ यात्राओं के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को दर्शाया जा रहा हैं इसी कड़ी में विकास रथ यात्रा आज पाली की खैरवा, लाम्बीया, बणियावास और बोमादड़ा ग्राम पंचायत पहुंचीं इस अवसर पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने जनसंवाद कियां उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही हैं उन्होंने लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दीं

000

बाड़मेर में आज से 24वें राज्य स्तरीय सकारिता खेल शुरू हुएं बाड़मेर सेंट्रल को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की मेजबानी में ये खेल प्रतियोगिता आयोजित हो रही हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि ये खेल तीन दिन तक चलेंगें

000

प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट से सर्दी का असर बढ़ गया हैं शेखावाटी अचंल के कुछ शहरों में बीते दो दिनों में रात के तापमान में 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई हैं आज सुबह सीकर जिले के कुछ इलाकों में खुले स्थानों पर बर्फ की हल्की परत देखी गईं मौसम वैज्ञानिक हिमांशु शर्मा ने बताया कि अगले कुछ दिन मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में बदलाव की संभावना नहीं हैं

..................

इस बीच देशी–विदेशी सैलानी सर्दियों की छुट्‌टियां बिताने राज्य के पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे हैं उदयपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि झीलों की नगरी, नववर्ष मनाने आये पर्यटकों से गुलजार हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 129वीं कड़ी में अपने विचार साझा करेंगें कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल एप पर प्रसारित किया जाएगां इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगां

000